# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
# भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

**संख्या: नराकास/जम्मू/बैठक/2012-राभा.** **दिनांक: 14.07.2012**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 12 जुलाई, 2012 को सायं 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त।**




**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के स्मारिका का विमोचन करते हुए नराकास कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एस.सी.तनेजा ।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 12 जुलाई, 2012 (वृहस्पतिवार) को अपराह्न 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ. एस.सी.तनेजा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एस.के.मेहरा, अनुसंधान अधिकारी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय दिल्ली, श्री ए.के.तथई, आयुक्त आयकर, आयकर भवन, जम्मू/श्रीनगर, श्री ए.के.मोटा, पंजाब नेशनल बैंक मंण्डल कार्यालय, जम्मू, श्री राजेन्द्र पाल, उपनियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, जम्मू तथा नगर जम्मू के केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों से आये सभी कार्यालय अध्यक्ष, हिन्दी अधिकारी/राजभाषा अधिकारी/नोडल अधिकारी/हिन्दी अनुवादक तथा प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त संवाददाता उपस्थित थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यकारी नराकास अध्यक्ष डॉ. एस.सी.तनेजा किया उनके साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों एवं सज्जनों का स्वागत डॉ. अमर सिंह, वरि. हिन्दी अधिकारी एवं सचिव, नराकास, जम्मू ने किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में कहा, ''कि इस बैठक में प्रथम अक्टूबर, 2011 से 31 मार्च, 2012 के दौरान तिमाही प्रगति रिपोर्टो की समीक्षा तथा आपके कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में किये गये कार्यो की समीक्षा तथा इससे संबंधित आपके कार्यालयों में उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों में इसके प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग प्रति वर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है, जिसके अनुसार हम कार्यालयों में राजभाषा के कार्य सम्पन्न करते हैं। चूंकि सरकारी कामकाज में मूल टिप्पण और प्रारूपण के लिए हिन्दी का ही प्रयोग किया जाए। जिसके अन्तर्गत धारा 3(3) का हम सबको अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। यही संविधान की मूलभावना के अनुरूप होगा। सभी भारतीय भाषाएं देश की एकता की प्रतीक हैं। भारतीय संविधान में जो प्रावधान किये गये हैं इसी के अनुसार हमें आदेशों/अनुदेशों का पालन करना चाहिए और राष्ट्रपति जी के संकल्पों का सम्मान करना चाहिए''।

तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। सचिव ने गत बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा के दौरान कहा कि सम्माननीय सदस्यों की कोई प्रतिक्रिया, सुझाव अथवा आपत्ति हो तो वे विचार रखें, लेकिन माननीय उपस्थित सदस्यों की ओर से कोई आपत्ति एवं प्रतिक्रिया न मिलने पर सचिव ने अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पर गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**गत बैठक में लिए गये निर्णय और उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई इस प्रकार हैः–**

गत बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति मंच के माध्यम से दिनांक 29–30 मार्च, 2012 को यूनिकोड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुक्त आयकर, आयकर कार्यालय, जम्मू व श्रीनगर एवं सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, आयुक्त जम्मू व श्रीनगर के सौजन्य से कम्प्यूटर पर यूनिकोड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही कार्यपालक निदेशक, पावर ग्रिड कारपोरेशन, पारेषण प्रणाली, उत्तरी क्षेत्र–।।, जम्मू/श्रीनगर व कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्र–।, के सौजन्य से 30 मार्च, 2012 को **अखिल भारतीय कवि का सम्मेलन** का आयोजन किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में एक **''स्मारिका''** का विमोचन किया गया और सभी केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों को प्रतियां वितरित की गयी।

नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कार्यालय से नगर के सभी सदस्य कार्यालयों की आईडी–ईमेल तैयार की गयी।

**नराकास, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की गृह पत्रिकाएं जो वर्ष 2011–2012 प्रकाशित की गयी जो इस प्रकार हैः–**

नराकास, जम्मू कार्यालय की गृह पत्रिका **ज्ञानवार्ता**, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की गृह पत्रिका **त्रिकुटा**, पावर ग्रिड कारपोरेशन, उत्तरी क्षेत्र–।।, जम्मू की गृह पत्रिका **तवी प्रवाह**, एनएचपीसी, क्षेत्र–।, जम्मू की गृह पत्रिका **त्रिकुटा समाचार** तथा प्रसार भारती, रेडियो कश्मीर, जम्मू की गृह पत्रिका **तविषी** तथा सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क **ताज–ऐ–हिन्द** राजभाषा गृह पत्रिका प्रकाशित हुई।

तदोपरान्त प्रथम अक्टूबर, 2011 से 31 मार्च, 2012 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टो की समीक्षा का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टे की स्थिति इस प्रकार हैः–

## प्रथम अक्टूबर, 2011 से 31 मार्च, 2012 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टो की समीक्षाः–

### केन्द्रीय कार्यालय

| | |
|---|---|
| 1. पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र,के.रि.पु.बल | 2. 53वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |
| 3. पुलिस उपमहानिरीक्षक, के.रि.पु.बल जम्मू रेंज | 4. फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल |
| 5. 52वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल | 6. 110वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |
| 7. 152वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल | 8. 135 बटालियन सीमा सुरक्षा बल |
| 9. पुलिस महानिरीक्षक, सेक्टर मुख्यालय, के.रि.पु.बल | 10. 32वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल |
| 11. 23 विंग वायु सेना | 12. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रचालन (जम्मू व कश्मीर) |
| 13. 76वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल | 14. कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) |
| 15. रक्षा सम्पदा प्रधान निदेशालय | 16. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग |
| 17. पत्र सूचना कार्यालय | 18. कार्यालय महालेखाकार (हकदारी) |
| 19. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक उत्तरी कमान | 20. क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय प्रादेशिक कार्यालय |
| 21. कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल | 22. भारतीय सर्वेक्षण विभाग |
| 23. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग | 24. क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, मीरा साहिब |
| 25. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान | 26. रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय |
| 27. भारतीय समवेत औषध संस्थान | 28. मुख्य अभियंता सम्पर्क परियोजना |
| 29. कार्यालय आयकर आयुक्त (ज.व.क.)आयकर भवन | 30. राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय |
| 31. केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड | 32. केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला |
| 33. कोयला खान भविष्य निधि | 34. डी.ओ.ई.ए.सी.सी.केन्द्र |
| 35. सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान | 36. क्षेत्रीय चारा उत्पादन एवं प्रदर्शन केन्द्र |

37. केन्द्रीय एकीकृत एवं नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र
38. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड
39. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
40. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय
41. क्षेत्रीय तसर अनुसंधान संस्थान
42. विदेश व्यापार का कार्यालय
43. केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू
44. राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान प.हिमालय क्षेत्रीय केन्द्र
45. 121वीं बटालियन के.रि.पु.बल, कठुआ

**बैंक**

46. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
47. पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय जम्मू व कश्मीर
48. भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय
49. बैंक ऑफ बड़ौदा
50. आई.डी.बी.आई.बैंक, जम्मू
51. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

**कारपोरेशन/निगम**

52. एन.एच.पी.सी.लि., कार्यपालक निदेशक (क्षेत्र-।)
53. पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
54. भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डलीय कार्यालय
55. सलाल पावर स्टेशन एन.एच.पी.सी.लि.ज्योतिपुरम्
56. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
57. भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय
58. एअर इण्डिया लिमिटेड
59. रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
60. दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लि.मं.कार्या.-1
61. भारतीय प्रसार निगम दूरदर्शन केन्द्र
62. एन.एच.पी.सी.लि.,दुलहस्ती पावर स्टेशन किस्तवाड़
63. दि न्यू इण्डिया इंश्योरेंस क.लि. मण्डल कार्यालय-।।
64. हुडको कार्यालय, जम्मू
65. भारतीय खाद्य निगम जिला कार्यालय
66. भारतीय प्रसारण निगम रेडियो कश्मीर
67. मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड

**राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पर कार्रवाई सुनिश्चित करवाएं:-**

1. धारा 3(3) के कार्यान्वयन पर प्रत्येक सदस्य कार्यालय राकास की बैठकों में चर्चा करें और इस बारे में किये गये पत्राचार के अन्तर्गत 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में भेजे गये पत्रों की समीक्षा करें तथा कार्यालय फाइलों पर मूल टिप्पण के बारे में भी कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं। प्रत्येक कार्यालय कार्यालयाध्यक्ष की उपस्थिति में बैठकों का नियमित आयोजन हो तथा बैठकों में लिए गये निर्णयों पर क्रमवार कार्यवृत्त में अनुवर्ती कार्रवाई को प्रदर्शित करें।
2. संघ के राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए **वार्षिक कार्यक्रम 2012-2013** के राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर **www.rajbhasha.gov.in** से डाउन लोड करें और इस वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिसमें तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रोफार्मा, संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली एवं धारा 3(3) का अनुपालन के संबंध में अपने समस्त स्टॉफ सदस्यों को समुचित रूप से प्रेरित करें ।
3. प्रत्येक सदस्य कार्यालय राकास की बैठकों में हिन्दी पुस्तकों के क्रय पर चर्चा करें और उस चर्चा के दौरान लिए गये निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित् करें। इस बारे में संसदीय समिति के आदेश हैं।
4. तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्टे प्रत्येक तिमाही के समाप्ति के 15 दिन के अन्तर्गत राजभाषा विभाग, अपने मुख्यालय तथा अध्यक्ष, नराकास कार्यालय को अवश्य भिजवाएं।
5. अक्सर देखा गया है कि कुछ सदस्य कार्यालय तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्टे, राकास की बैठकों के कार्यवृत्त उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त नहीं हो रहे हैं। कृपया वे सुनिश्चित करें कि अपने कार्यालय में राजभाषा नीति कार्यान्वयन की दिशा में किए गये कार्यो की रिपोर्ट नराकास कार्यालय को अवश्य भिजवाएं।
6. संसदीय समिति ने निरीक्षण के दौरान यह आदेश दिये थे कि प्रत्येक सदस्य कार्यालय का यह दायित्व है कि हिन्दी की प्रगति एवं प्रयोग की दिशा में हिन्दी के उपयुक्त वातावरण बनाने हेतु सदस्य कार्यालय संयुक्त रूप से एवं नराकास, जम्मू के संयुक्त मंच के माध्यम से हिन्दी कार्यशालाएं, हिन्दी राजभाषा सम्मेलन, अखिल

भारतीय सम्मेलन और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रूप से करवाएं अथवा यदि आप समिति का सहयोग चाहें तो समिति आपके सहयोग के प्रतिबद्ध है।

7. गत बैठक के दौरान कई सदस्य कार्यालयों ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और यूनिकोड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नराकास के संयुक्त मंच से करवाया है इसी श्रृंखला में जो सदस्य कार्यालय सक्षम हैं वे ऐसे आयोजन करवाने में समिति को सहयोग प्रदान करें। अध्यक्ष महोदय ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि जो सदस्य कार्यालय सक्षम हैं वे समिति को सहयोग प्रदान करें। यह कार्यक्रम दिसम्बर, 2012 के अन्तिम सप्ताह में ऐसे आयोजन करने का निर्णय लिया है ।
8. गत बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की एक आईडी. ईमेल तैयार की जाए। अत: इसी निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अध्यक्ष, नराकास, जम्मू द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों की आईडी.-ईमेल बनाई गयी है। जिसके माध्यम से सभी सदस्य कार्यालय को पत्राचार करने में सरलता रहेगी।
9. नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति की गृह पत्रिका **ज्ञानवार्ता** अंक 3 के लिए प्रकाशन हेतु रू. 1500/- (पन्द्रह सौ रूपये मात्र) अंशदान के रूप में भेजने संबंधी प्रस्ताव जनवरी, 2012 को भेजा गया है। लेकिन कुछेक कार्यालयों से यह राशि प्राप्त हुई हैं। जबकि जो कार्यालय शेष है कृप्या वे कार्यालय अध्यक्ष उक्त अंशदान राशि अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू के पक्ष में चैक/ड्राफ्ट यथाशीघ्र भिजवाएं ।

☞ क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वर्ष 2011-2012 के लिए प्रविष्टियां मांगी गयी थी जिन सदस्य कार्यालयों ने प्रविष्टियां नहीं भेजी हैं। कृपया वे तत्काल **उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दिल्ली), ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023** को यथाशीघ्र भिजवाएं। ताकि पुरस्कार निर्धारण हेतु समीक्षा की जा सके।

☞ हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु वर्ष 2011-2012 के लिए इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार हेतु **राजभाषा विभाग की वेबसाइट http://www.rajbhasha.gov.in तथा http://www.rajbhasha.nic.in पर** सूचना उपलब्ध है।

**बैठक में राजभाषा नीति कार्यान्वियन पर चर्चा एवं सदस्यों की प्रतिक्रियाएं उनके महत्वपूर्ण सुझाव जो इस प्रकार हैं:-**

1. डी.ओ.ई.ए.सी.सी. केन्द्र, जम्मू के संयुक्त निदेशक श्री सुनील कुमार गबगोत्रा जी ने प्रस्ताव रखा कि एक नराकास समिति की ओर से तकनीकी संगोष्ठी/सेमिनार का आयोजन करवाया जाए। सचिव ने समिति को बताया कि पहले भी इनके द्वारा ऐसे प्रस्ताव समिति में दिये हैं। लेकिन डी.ओ.ई.ए.सी.सी. केन्द्र स्वयं में प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाते हैं, यदि इनका कार्यालय समिति का सहयोग करे तो तकनीकी संगोष्ठी आयोजित करने में सुगमता रहेगी। इस बारे में संबंधित कार्यालय के केन्द्र निदेशक महोदय से पत्राचार किया जाएगा।
2. बेवसाइड द्विभाषी होनी चाहिए साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यूनोकोड पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाए। सचिव ने संक्षेप में बताया कि अपने-अपने कार्यालय के स्तर से बेवसाइट द्विभाषी करने के प्रयास करें। अध्यक्ष महोदय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से यूनीकोड पर हिन्दी कार्यशाला करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यालय को यूनिकोड समर्थित बनाने पर बल दिया ताकि सभी कार्यालय इस सुविधा का लाभ ले सके।
3. श्री एस.के.मेहरा, अनुसंधान अधिकारी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ''कि नरकास जम्मू की ओर से राजभाषा **स्मारिका** का प्रकाशन महत्वपूर्ण उपलब्धि है और राजभाषा नीति कार्यान्वयन की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास हैं उन्होंने अध्यक्ष महोदय को इस प्रयास के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद दिन प्रतिदिन राजभाषा हिन्दी की प्रगति हो रही है और नगर राजभाषा कार्यानवयन समितियों के माध्यम से

राजभाषा कार्यान्वयन प्रगति की दिशा में आशा के अनुकूल प्रभावी हुआ है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय की ओर से सभी संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। सरकार का लक्ष्य है कि शतप्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जाए और उन्होंने संक्षेप में बताया कि जम्मू नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माध्यम से पत्राचार में वृद्धि सुनिश्चित् हुई है, जो लक्ष्य से अधिक हैं जबकि हिन्दी प्रशिक्षण/टंकण लक्ष्य से भी अधिक है साथ ही उन्होंने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, ''कि हिन्दी भाषी क्षेत्रों से भी जम्मू 'ग' क्षेत्र में स्थित नराकास में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। इसके लिए उन्होंने अध्यक्ष महोदय का आभार सहित धन्यवाद किया। इस दौरान उन्होंने कई केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों का राजभाषा निरीक्षण भी किया और उन्होंने पाया कि राजभाषा कार्यान्वयन बेहतर ढंग से निष्पादित किए जा रहे हैं। राजभाषा प्रबंधन एवं कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए''।

4. श्री ए.के.मोटा, मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ''कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एक महत्वपूर्ण मंच है जिसके माध्यम से नगर के सभी सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नीति के कार्य सम्पन्न करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। गत वर्षो में हमने अनुभव किया है कि हमारे क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से त्रिकुटा गृह पत्रिका, कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी में कार्य करने की क्षमता में वृद्धि हुई है और मैं डॉ. अमर सिंह, सदस्य-सचिव, नराकास, जम्मू के द्वारा समय-समय पर सभी सदस्य कार्यालयों में हिन्दी के कार्यक्रम आयोजित करने में उनका विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

5. श्री ए.के.तथई, आयकर आयुक्त, जम्मू/श्रीनगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज इस बैठक में हिन्दी के कार्यान्वयन पर चर्चा हुई और हम सबका यह राष्ट्रीय दायित्व है कि हिन्दी की प्रगति एवं विकास के लिए हर सम्भव प्रयास जारी रहें, ताकि हिन्दी के कार्य करने की प्रगति हो उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारे सरल अभिव्यक्ति की भाषा है इसका प्रयोग व प्रसार करना हमारा संबैधानिक दायित्व बनता है और इसकी कार्य प्रकृति को बढ़ाने के लिए हम सतत प्रयासरत् रहेंगे।

6. संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, नराकास जम्मू डॉ. एस.सी.तनेजा ने सभागार में उपस्थित नगर के कार्यालय प्रमुखों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अपने संस्थान की ओर से व नराकास मंच की ओर से सबका हार्दिक स्वागत करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा, ''कि समिति के माध्यम से ज्ञानवार्ता हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन जिसमें आप सबके सहयोग से प्रकाशित हो रही है यह हमारी समिति की एक उपलब्धि है साथ ही सभी सदस्य कार्यालयों में कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी कार्य की क्षमता में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। गत वर्ष संसदीय समिति द्वारा नगर के कई केन्द्रीय कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। आगे भविष्य के लिए भी अन्य कार्यालयों में निरीक्षण किया जा सकता है। हिन्दी एक सरल, सहज भाषा है और प्रयोग की दृष्टि से संबाद पूर्ण भाषा है, कहानी, काव्य, छोटे-छोटे वाक्य उपवाक्य, सरलतम शैली में अभिव्यक्ति का माध्यम बना सकते हैं। पावर ग्रिड कारपोरेशन, जम्मू व एनएचपीसी, क्षेत्र-।, जम्मू के सहयोग से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आयकर आयुक्त, जम्मू व आयुक्त सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, जम्मू के सौजन्य से कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, इस सहयोग के लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। यदि अन्य सदस्य कार्यालय भी इस प्रकार का सहयोग करते रहे ताकि राजभाषा की प्रगति में आशा के अनुकूल वृद्धि संभव हो सके।




**नराकास बैठक को संबोधित करते डॉ. एस.सी.तनेजा**

अन्त में संस्थान के वरि. हिन्दी अधिकारी एवं सदस्य-सचिव, नराकास, जम्मू डॉ. अमर सिंह ने अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. एस.सी.तनेजा ने इस बैठक के लिए अपना महत्वपूर्ण समय दिया, उनके इस योगदान के लिए हम उनका हृदय से आभार सहित धन्यवाद किया। श्री एक.के.तथई, आयकर आयुक्त, जम्मू/श्रीनगर जिन्होंने इस बैठक के लिए अपना बहुमूल्य समय दिया उनके इस कीमती समय के लिए उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते है। श्री ए.के.मोटा, मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने भी अपना कीमती समय निकाल कर इस बैठक में उपस्थित हुए हम उनका आभार सहित धन्यवाद करते हैं। नगर के सभी कार्यालय प्रमुख, इस अवसर पर उपस्थित हुए सभी गणमान्य व्यक्ति एवं प्रिन्ट व इलैक्ट्रानिक मीडिया दूरदर्शन के सभी संवाददाताओं का आभार व्यक्त किया। संस्थान के सभी संकाय सदस्यों का जिन्होंने इस बैठक के आयोजन में अपना योगदान दिया और सहयोग प्रदान किया उन सबका धन्यवाद किया।

डॉ. एस.सी.तनेजा
कृते अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू

डॉ. अमर सिंह
सदस्य-सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू